**(अत्यावश्यक)**

# कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—माध्य/मा—स/विविध दिवस (30)/वो—2/2025 दिनांक : As in E-Sign

**समस्त संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :—** **11वें "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस—2025"** के सफल एवं सुचारू आयोजन के सम्बन्ध में नवीन दिशा—निर्देश।

**प्रसंग :—** शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप—5) विभाग, जयपुर का पत्र क्रमांक : प. 12(08)शिक्षा—5/योग दिवस/2025 जयपुर, दिनांक : 15.05.2025

**सन्दर्भ :—**
1. प्रमुख शासन सचिव, आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग, जयपुर का अ.शा. टीप दिनांक : 06.05.2025
2. इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 21.04.2025 (RajKaj Ref No : 14754064)

उपर्युक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक : 21.04.2025 (RajKaj Ref No : 14754064) द्वारा 11वें "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस—2025" के सफल एवं सुचारू आयोजन बाबत विस्तृत दिशा—निर्देश समस्त विभागीय अधीनस्थों हेतु जारी कर, उक्त की पालना सुनिश्चित किये जाने बाबत लिखा गया था।

उक्त की निरन्तरता में लेख है कि योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सम्पूर्ण विश्व में प्रतिवर्ष 21 जून को किया जाता है।

"अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" का विचार पहली बार 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तावित किया गया था। इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला और 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" के रूप में मनाने की घोषणा की। इसी क्रम में प्रथम "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" 21 जून, 2015 को मनाया गया। "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" 21 जून को ही निर्धारित किया गया, क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे बड़ा/लम्बा दिन होता है और इसका योग और अध्यात्म के लिए विशेष महत्व है।

योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है, जो कि केवल व्यायाम ना होकर हमारी जीवन शैली में परिवर्तन एवं जागरूकता उत्पन्न करता है। योग, शरीर और मन को एक साथ लाने का काम करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व इस बात में निहित है कि यह लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, आंतरिक सद्भाव विकसित करने और अपने और अपने आसपास की दुनिया के साथ जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। योग दिवस, योग के समग्र लाभों को याद दिलाता है और दुनिया भर के लोगों को योग अभ्यास को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

उल्लिखितानुसार प्रासंगिक पत्र, सन्दर्भित अ.शा. टीप एवं इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी सन्दर्भित निर्देश—पत्र के क्रम में दिनांक : 21 जून, 2025 को आयोजित होने वाले 11वें

"अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025" के सफल एवं सुचारू आयोजन के सम्बन्ध में अग्रांकितानुसार नवीन दिशा–निर्देश जारी किये जाते हैं :–

- सन्दर्भित निर्देश–पत्र दिनांक : 21.04.2025 में प्रदत्त निर्देशों की शत–प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जावें।
- **"अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025" का आयोजन राज्य/जिला/ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर दिनांक : 21 जून, 2025 को प्रातः 07:00 बजे से 08:00 बजे तक किया जाना है।**
- राज्य के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ–साथ उक्त आयोजन राज्य के समस्त शिक्षण संस्थानों में किया जावें।
- समस्त विभागीय कार्यालय भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं व्यायाम की गतिविधियों का सफल आयोजन करना सुनिश्चित करें।
- उक्त सम्बन्ध में सम्पूर्ण स्कूल शिक्षा विभाग की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु समस्त तैयारियाँ समय रहते ही सुनिश्चित की जावें।
- देशभक्ति गीतों के लयबद्ध ताल के साथ योग गतिविधियों का आयोजन किया जावें।
- समस्त संस्था–प्रधान योग से सम्बन्धित विश्वसनीय वैज्ञानिक डेटा के साथ **"योग एवं इसका मानव जीवन में महत्व"** नाम शीर्षक पर लेख लिखकर, इसका वाचन उक्त दिवस पर किया जाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि योग एवं व्यायाम के सम्बन्ध में विद्यार्थियों एवं कार्मिकों को अधिकाधिक जागरूक किया जा सके।
- राज्य की समस्त विद्यालय में नियुक्त ब्रांड एंबेसडर द्वारा "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अथवा अन्य प्रशिक्षित अध्यापक के साथ योग गतिविधियों का आयोजन किया जावे जिससे अन्य विद्यार्थियों को योग के सम्बन्ध में जागरूक व प्रेरित किया जा सके।
- योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के उन 2 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जावें, जिसके द्वारा सर्वश्रेष्ठ योग/व्यायाम की मुद्राएं प्रदर्शित की गयी हैं।
- "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, कार्मिकों, अभिभावकों एवं विद्यालय से जुड़े अन्य व्यक्तियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जावे।
- "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" (IDY) से संबंधित नवीनतम अपडेट और जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें।
- IDY के लोगो (Logo) का प्रदर्शन अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर किया जाना सुनिश्चित करें।
- "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" से पूर्व योग विशेषज्ञों द्वारा योग से संबंधित गतिविधियों जैसे ऑनलाइन/ऑफलाइन व्याख्यान, कार्यशालाएं, सेमिनार, योग की विभिन्न मुद्राओं की जानकारी एवं प्रशिक्षण इत्यादि का आयोजन किया जावें।
- वर्तमान परिस्थितियों/ग्रीष्म ऋतु के मध्यनजर स्वच्छ पेयजल एवं मेडिकल किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें।

- इसी क्रम में निर्देशित किया जाता है कि **ग्रीष्मावकाश के कारण जो शिक्षक पदस्थापन मुख्यालय से दूरस्थ गृह स्थान पर प्रस्थान कर गए हों और पदस्थापन वाले विद्यालय में योग दिवस के अवसर अपरिहार्य कारणों से आने में असमर्थ हो, वे अपने गृह स्थान के निकटतम विद्यालय के योग दिवस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।**
- उक्त क्रम में निर्देशित किया जाता है कि अधीनस्थ समस्त विद्यालयों का आयुष मंत्रालय की अधिकृत वेबसाईट **(https://yoga.ayush.gov.in/)** पर अधिकाधिक रूप से पंजीकरण करवाते हुए उक्त तिथि को "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025" के सम्बन्ध में आयोजित गतिविधियों की वांछित सूचना अद्यतन की जानी सुनिश्चित करावें।
- चूंकि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी **"अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025"** के सफल एवं सुचारू संचालन के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को नोड्ल अधिकारी नियुक्त किया गया है, अतः समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने क्षेत्राधिकार में आयोजित उक्त गतिविधियों/कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट मय 20–20 फोटो व 05–05 वीडियो इस कार्यालय की ई–मेल आई.डी.– massecondary@gmail.com पर अग्रांकितानुसार निर्धारित प्रारूप में **दिनांक : 21 जून, 2025 सायं : 05:00 बजे तक** उपलब्ध करवायी जानी सुनिश्चित करेंगे :–

**–:: निर्धारित प्रारूप ::–**

| **आयोजन .......11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025 के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध करवाये जाने बाबत...**<br>**जिले का नाम.........................................................**<br>कुल विद्यालय संख्या.............................................<br>आयोजन करवाने वाले विद्यालयों की कुल संख्या.................... | | |
|---|---|---|
| आयोजित गतिविधियां<br>1.....................................................<br>2...................................................<br>3.................................................... | आयोजन में सम्मिलित विद्यार्थियों की कुल संख्या<br>........................... | आयोजन में सम्मिलित कार्मिकों/अभिभावकों एवं अन्य व्यक्तियों की कुल संख्या<br>........................... |

अतः उल्लिखितानुसार निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार की समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में उक्त दिवस के सफल एवं सुचारू आयोजन बाबत वांछित दिशा–निर्देश जारी कर, प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।**

**संलग्न : यथोक्त।**

(आशीष मोदी)
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. विशिष्ट सहायक, कार्यालय– मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) विभाग एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
5. वरिष्ठ निदेशक, (आई.टी.) एन.आई.सी., जयपुर। (जरिये ई–मेल)
6. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाये जाने बाबत। (जरिये ई–मेल)
7. उप निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
8. उप निदेशक, खेलकुद अनुभाग, कार्यालय हाजा को "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025" के सम्बन्ध में राज्य के समस्त शिक्षण संस्थानों में कार्यरत् शारीरिक शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विभिन्न कार्यक्रमों/कार्यशालाओं/सेमिनारों के आयोजन हेतु आगामी आवश्यक कार्यवाही बाबत। (जरिये ई–मेल)
9. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
10. सहायक निदेशक, पीएसपी अनुभाग, कार्यालय हाजा को उक्तानुसार अनुभाग स्तर पर की जाने वाली आगामी आवश्यक कार्यवाही बाबत। (जरिये ई–मेल)
11. अनुभाग अधिकारी, सामान्य प्रशासन/भण्डार अनुभाग, कार्यालय हाजा को उक्तानुसार कार्यालय स्तर पर किये जाने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में आगामी व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता बाबत। (जरिये ई–मेल)
12. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत। (जरिये ई–मेल)
13. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर। (जरिये ई–मेल)
14. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर/सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
15. मेनेजर, गुरूनानक भवन संस्थान, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
16. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक को पालनार्थ। (जरिये ई–मेल)
17. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ। (जरिये ई–मेल)
18. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
19. समस्त संस्था–प्रधान।
20. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified
Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :27-05-2025 07:43:55